॥ वाग्देवी स्तुति ॥

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो
यथा कुर्वन्ति भारत
कुर्याद्विद्वांस्तथासक्त-
श्चिकीर्षुर्लोकसंग्रहम् ।
न बुद्धि भेदं जनयेद-
ज्ञानां कर्मसंगिनाम्
जोषयेत्सर्वकर्माणि
विद्वान युक्तः समाचरन् ।।

कुलगीत

हम सबके प्राणों का प्यारा, यह विद्यालय है।
जीवन का साथी ध्रुवतारा, यह विद्यालय है।
हरिश्चन्द्र का तप है पावन,
यह उनका है कीर्ति-निकेतन,
माँ हिन्दी का सबल सहारा, यह विद्यालय है।
सदाचार, संयम, अनुशासन,
देश-प्रेम का व्रती चिरन्तन,
सभी भाँति औरों से न्यारा, यह विद्यालय है।
भारतेन्दु की ज्योति अमर है,
यह अक्षर है, अविनश्वर है,
सुन्दर शिव संकल्प सँवारा, यह विद्यालय है।
हम सबका बस यही ध्येय हो,
प्रिय प्रवाह इसका अजेय हो,
सुखद ज्ञान गंगा की धारा, यह विद्यालय है।
यहाँ रहें या और कहीं हम,
इसका स्नेह नहीं होगा कम,
हम इसके हैं और हमारा, यह विद्यालय है।

स्व. कान्तानाथ पाण्डेय 'राजहंस'
(पूर्व प्राचार्य)

संस्था का संक्षिप्त इतिहास

यह निर्देशिका छात्रों की सुविधा हेतु प्रकाशित की गयी है। छात्रों से अनुरोध है कि वे इसे ध्यानपूर्वक पढ़कर महाविद्यालय की कार्यविधि व नियमों से परिचित हो जायें। संस्था में नियमों का पालन केवल अनुशासन एवं शैक्षणिक वातावरण हेतु ही आवश्यक नहीं है, वरन् आदर्श नागरिक एवं प्रभावी कर्णधार की भूमिका निभाने के लिए भी इनका समुचित प्रतिपालन आवश्यक है। प्रत्येक विद्यार्थी के सम्बन्ध में विश्वविद्यालयीय अधिनियमों, परिनियमों एवं अध्यादेशों में दिए गए नियम ही मान्य होंगे।

इस महाविद्यालय के प्रवेशार्थियों को स्मरण रखना चाहिए कि इसके संस्थापक आधुनिक हिन्दी के जन्मदाता **भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र जी** हैं। भारतेन्दु जी ने 34 वर्ष 3 माह के अल्प जीवन में ही साहित्य, समाज, संस्कृति, भाषा और राष्ट्र की जो सेवा की, उसके आधार पर उनके दैवी पुरुष होने की बात स्वतःसिद्ध है। उनका अवतरण काशी के एक सम्पन्न वैष्णव वैश्य कुल में 9 सितम्बर, 1850 ई. को एवं महाप्रयाण 6 जनवरी, 1885 ई. को हुआ। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र में युग-परिवर्तन, युग-नियमन और युग-नेतृत्व की पूर्ण क्षमता थी। उनका साहित्य तत्कालीन भारतीय जनता के लिए जितना स्फूर्ति एवं प्रेरणादायक, चरित्र-निर्माणक तथा राष्ट्रीय भावनाओं का संचारक और उद्घोषक था, वह आज के भारत के लिए उतना ही या उससे भी कहीं अधिक उपयोगी है। आपने **'भारत दुर्दशा', 'नील देवी', 'अंधेर-नगरी', 'विषस्य विषमौषधम्', 'प्रेमजोगिनी'** प्रभृति नाटकों के माध्यम से देश, समाज और तत्कालीन सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, धार्मिक आदि परिस्थितियों का जैसा चित्र खींचा है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। आधुनिक जागरण, सामाजिक संस्कार, धार्मिक परिमार्जन आदि उनकी इन कृतियों की ही देन है। **'निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल'** तथा **'स्वत्व निज भारत गहे'** (स्वतन्त्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है) का नारा देकर भारतेन्दु जी ने राष्ट्र का जितना अमित कल्याण किया, वह किसी से छिपा नहीं है। अपनी उपर्युक्त सामाजिक सांस्कृतिक नवचेतना को देशकालातीत तथा सार्वकालिक बनाने के उद्देश्य से ही भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जी ने सन् 1866 ई. में अपने चौखम्बा स्थित निवास-स्थान पर मुहल्ले के पाँच विद्यार्थियों को लेकर एक प्राथमिक पाठशाला की स्थापना की। सर्वप्रथम इस पाठशाला का नाम 'चौखम्बा स्कूल' था। तदुपरान्त 'चौक स्कूल' और अन्ततः गोलोकवासी संस्थापक के स्मारक के रूप में उसका नाम **'श्री हरिश्चन्द्र विद्यालय'** रखा गया। यह विद्यालय द्रुत गति से प्रगति-पथ पर अग्रसर हो रहा था, अतः इसे ध्यान में रखकर ही सन् 1888 ई. में मिडिल कक्षाएँ प्रारम्भ की गयीं। सन् 1910 ई. में हाईस्कूल की कक्षाओं का शुभारम्भ हुआ। 26 नवम्बर, 1909 ई. को तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर **सर जान हिवेट** महोदय ने मैदागिन स्थित नये भवन का शिलान्यास किया और 26 नवम्बर, 1911 ई. को नये भवन का उद्घाटन हुआ। नगर के मध्य में अपना भवन हो जाने से विद्यालय को स्थायित्व और विशेष सम्मान मिला। सन् 1939 ई. में स्व. बेनीप्रसाद गुप्त के प्रयत्न से इण्टरमीडिएट कक्षाओं का श्रीगणेश हुआ। भगीरथ प्रयत्न के पश्चात् भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की गरिमा के अनुकूल ही 4 अक्टूबर, सन् 1951 ई. को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो, स्नातक कक्षाओं का शुभारम्भ हुआ। तत्कालीन उपकुलपति डॉ. वेणीशंकर झा की कृपा से सन् 1958 ई. में विधि की कक्षाओं को मान्यता मिली।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नियमों में परिवर्तन होने के कारण सन् 1960 ई. में यह महाविद्यालय गोरखपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो गया और इस विश्वविद्यालय ने सन् 1960 ई. में ही अध्यापक प्रशिक्षण विभाग (बी.एड.) तथा सन् 1963 ई. में विज्ञान (गणित) की कक्षाओं को मान्यता दे दी। 1970 ई. में वाणिज्य संकाय में स्नातकोत्तर कक्षाएँ प्रारम्भ हुईं। महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य **डॉ. बी.बी. सिंह बिसेन** के प्रयास से सन् 1974 ई. में जीव विज्ञान तथा सन् 1980 ई. में एम.ए./एम.एस-सी. में सांख्यिकी की कक्षाएँ प्रारम्भ हो सकीं। रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली का कुलपति पद ग्रहण कर लेने पर भी महाविद्यालय के विकास के प्रति उनकी सक्रियता में किसी प्रकार की कमी नहीं आयी। डॉ. बिसेन तथा श्री ओम प्रकाश कपूर के प्रयास से सन् 1986 ई. में हिन्दी विषय में स्नातकोत्तर कक्षाएँ खुल गयीं। पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की स्थापना के परिणामस्वरूप सत्र 1987-88 से यह महाविद्यालय गोरखपुर विश्वविद्यालय के स्थान पर उक्त विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो गया। सत्र 1993-94 में गणित में एम.ए./एम.एस-सी. कक्षाओं के खुल जाने से महाविद्यालय में सांख्यिकी के साथ-साथ गणित में भी स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यापन होने लगा। महाविद्यालय में सत्र 2000-01 से तत्कालीन प्राचार्य **डॉ. बी.एन. सिंह** के प्रयासों से रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान और वनस्पति विज्ञान तथा सत्र 2002-03 से तत्कालीन प्राचार्य **डॉ. पी.एन. त्रिपाठी** के प्रयास से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर अध्ययन प्रारम्भ हुआ। सत्र 2006-07 से अंग्रेजी एवं मनोविज्ञान में भी स्नातकोत्तर अध्ययन प्रारम्भ हुआ। महाविद्यालय के नवीन परिसर भारतेन्दु नगर, बावनबीघा में सत्र 2007-08 से बी.बी.ए. पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है। मास कम्यूनिकेशन एण्ड वीडियो प्रोडक्शन पाठ्यक्रम को स्नातक (कला एवं विज्ञान संकाय) स्तर पर एक विषय के रूप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश सरकार तथा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा 'व्यवसायिक शिक्षा योजना' के अन्तर्गत स्वीकृति प्राप्त हुई। छात्र/छात्राओं को इस विषय के अन्तर्गत सिनेमा, टेलीविजन कार्यक्रमों तथा विज्ञापन निर्माण के लिए फोटोग्राफी, स्क्रिप्ट राइटिंग तथा फिल्म सम्पादन का क्रियात्मक व व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। जुलाई सन् 2010 से शासन के आदेशानुसार यह महाविद्यालय 'महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी' से सम्बद्ध हो गया और अभी भी इसी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है।

वर्तमान प्राचार्य **प्रो. सोहन लाल यादव** के अथक प्रयासों से सत्र 2013-14 से महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बी.सी.ए., शारीरिक शिक्षा, समाजशास्त्र एवं शिक्षाशास्त्र की कक्षाएँ तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं में भूगोल एवं भौतिक विज्ञान में अध्यापन प्रारम्भ हो सका। इस प्रकार विज्ञान संकाय के सभी विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययन-अध्यापन होने लगा। आपके प्रयास से 2 अप्रैल 2018 से इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (नयी दिल्ली) IGNOU का नियमित अध्ययन केन्द्र (48048) प्रारम्भ हो गया है जिससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति हुयी। आगामी सत्रों में एल.एल.एम., एम.एड. तथा कला संकाय के कुछ अन्य विषयों में स्नातकोत्तर स्तर पर कक्षाओं के संचालन के लिए आप प्रयत्नशील हैं।

यह संस्था विगत 148 वर्षों से शिक्षा के पुनीत कार्य में संलग्न है। यहाँ के कतिपय पुराने छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में समाज व देश की अविस्मरणीय सेवा की है, जिनमें भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री, नेपाल के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. विश्वेश्वर प्रसाद कोइराला, उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री एवं मनीषी स्व. डॉ. सम्पूर्णानन्द, बंगाल के भूतपूर्व राज्यपाल स्व. त्रिभुवन नारायण सिंह तथा ब्रिगेडियर स्व. उस्मान आदि का नाम सम्मानपूर्वक लिया जा सकता है। छात्रों की वर्तमान पीढ़ी के प्रेरणा हेतु महाविद्यालय में भारतेन्दु पुरातन छात्र समागम परिसर का गठन किया गया है जिसका प्रथम समागम आयोजन 07 मार्च, 2011 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस समागम का प्रमुख उद्देश्य देश-विदेश के विभिन्न भागों में कार्यरत पुरातन छात्रों एवं वर्तमान छात्रों के बीच संवाद स्थापित करना एवं महाविद्यालय के विकास एवं विस्तार में पुरातन एवं वर्तमान छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित करना था। छात्रों की वर्तमान पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेकर उनका अनुसरण करते हुए देश के नवनिर्माण में उनकी ही भाँति अपना योगदान करना चाहिए।

हमारी प्राथमिकताएँ, परिकल्पनाएँ एवं हमारे स्वप्न

उच्च शिक्षा की व्यापक परिधि एवं परिवेश में सन्निहित गुणों को समायोजित करते हुए उन्हें स्थायी रूप से बनाए रखना, राष्ट्रीय, वैश्विक आवश्यकताओं एवं हितों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा का समुचित प्रचार-प्रसार करना, मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा अपने राष्ट्रीय मूल्यों, संस्कृति एवं विरासत को संजोए रखने में योगदान करना।

हमारे उद्देश्य, हमारी मंजिलें

1. क्षेत्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों का सामना करने हेतु छात्रों में सम्बन्धित ज्ञान, प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति एवं रचनात्मक गुणों को समाहित करना तथा उक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने में उन्हें योग्य एवं सशक्त बनाना।
2. स्नातक, परास्नातक एवं अनुसंधान में विभिन्न स्तरों पर छात्रों को उनके हित में व्यापक अवसरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
3. शिक्षा में अभिन्न अंगों के रूप में आध्यात्मिक एवं नीतिगत मूल्यों पर आधारित युवाओं के चरित्र-निर्माण के अवसरों को प्रोन्नत करना।
4. समाज के विभिन्न वर्गों में समानता के आधार पर एकरूपता एवं भाई-चारे की भावना विकसित करना।
5. जीवन के हर क्षेत्र में सार्थक एवं आदर्श नेतृत्व प्रदान करने का अवसर उपलब्ध कराना।

प्रवेश सम्बन्धी सूचना

सामान्य नियम

1. (क) सत्र 2018-19 में बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एस-सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का प्रवेश योग्यता सूचकांक के आधार पर पूर्व निर्धारित संख्या में किया जाएगा।

   (ख) एम.ए. प्रथम वर्ष (हिन्दी/मनोविज्ञान/राजनीतिशास्त्र/अंग्रेजी/भूगोल सांख्यिकी/गणित), में प्रवेश हेतु प्रवेशार्थी को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से क्रमशः स्नातक (हिन्दी/मनोविज्ञान/राजनीतिशास्त्र/अंग्रेजी/भूगोल सांख्यिकी/गणित) के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

   (ग) एम.काम प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने हेतु प्रवेशार्थी को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक वाणिज्य विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

   (घ) एम.एस-सी. प्रथम वर्ष (रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, सांख्यिकी, गणित) में प्रवेश लेने हेतु प्रवेशार्थी को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय में स्नातक स्तर पर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2. स्नातक स्तर पर 40% से कम अंक प्राप्त प्रवेशार्थी का प्रवेश विचारणीय नहीं है। स्ववित्तपोषित विषयों में इसे प्रवेश समिति शिथिल कर सकती है।
3. तीन वर्ष से अधिक अन्तराल (2015 के पूर्व स्नातक उत्तीर्ण) प्रवेशार्थी का प्रवेश नहीं होगा।
4. विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा घोषित तिथि के पश्चात् किसी भी संकाय में कोई प्रवेश नहीं होगा।
5. यदि कोई प्रवेशार्थी विकल्प-स्वरूप एक से अधिक संकायों में प्रवेश आवेदन-पत्र भरना चाहता है तो उसे प्रत्येक संकाय के लिए अलग-अलग प्रवेश परीक्षा आवेदन-पत्र भरना आवश्यक है। किसी भी अवस्था में एक संकाय से दूसरे संकाय में प्रवेश परीक्षा आवेदन-पत्रों का स्थानान्तरण नहीं होगा।
6. प्रवेश परीक्षा के पश्चात् योग्यता सूचकांक के आधार पर अर्हता प्राप्त छात्रों का प्रवेश के लिए साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के समय छात्रों को अपने प्रवेश आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करने हेतु समस्त प्रमाण-पत्रों की मूल एवं सत्यापित छाया प्रतियाँ लाना आवश्यक होगा। विधि एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेते समय प्रवजन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. एम.ए./एम.काम./एम.एस-सी. में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सीटों की संख्या निम्नानुसार है-

(1) एम. काम.	60 सीट	(7) एम.एस-सी. रसायन विज्ञान	30 सीट
(2) एम.ए. हिन्दी	60 सीट	(8) एम.एस-सी. प्राणि विज्ञान	30 सीट
(3) एम.ए. राजनीतिशास्त्र	60 सीट	(9) एम.एस-सी. वनस्पति विज्ञान	30 सीट
(4) एम.ए. मनोविज्ञान विज्ञान	30 सीट	(10) एम.ए./एम.एस-सी. सांख्यिकी	20 सीट
(5) एम.ए. अंग्रेजी	60 सीट	(11) एम.ए./एम.एस-सी. गणित	60 सीट
(6) एम.ए. भूगोल	30 सीट	(12) एम.एस-सी. भौतिक विज्ञान	30 सीट

8. बी.ए./बी.कॉम./बी.एस-सी./विधि/शिक्षा में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सीटों की संख्या निम्नानुसार है-

(1) कला संकाय	700 सीट	(4) विधि संकाय	320 सीट
(2) वाणिज्य संकाय	480 सीट	(5) शिक्षा संकाय	100 सीट
(3) विज्ञान संकाय-बी.जेड.सी	200 सीट		
विज्ञान संकाय-पी.एम.सी/पी.एम.एस.	267 सीट		

आरक्षण

महाविद्यालय में प्रवेशार्थियों हेतु आरक्षण सम्बन्धी आवश्यक निर्देश-

अन्य पिछड़े वर्ग एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों का प्रवेश राज्य सरकार द्वारा निर्धारित जातियों को ही देय होगा। जाति प्रमाण-पत्र में अभ्यर्थी के जाति का उल्लेख होना आवश्यक है। जाति का उल्लेख न होने पर या अन्य पिछड़े वर्ग के प्रमाण-पत्र पर अनुसूचित जाति/जनजाति के जाति का उल्लेख होने पर या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रमाण-पत्र पर अन्य पिछड़े वर्ग के जाति का उल्लेख होने पर आरक्षित श्रेणी का लाभ अनुमन्य नहीं होगा तथा अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी का माना जाएगा। **आरक्षण का लाभ उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों को ही देय होगा। उपरोक्त सीटों पर निम्न प्रावधान के अनुसार आरक्षण लागू होगा।**

(क)		**(ख)** (क) के अन्तर्गत (ख) आरक्षण प्रदान किया जायेगा।	
(1) अनुसूचित जाति	21%	(1) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित	2%
(2) अनुसूचि जनजाति	2%	(2) उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त अथवा अपंग रक्षाकर्मियों अथवा युद्ध में मारे गये रक्षा कर्मियों अथवा उ.प्र. में तैनात रक्षाकर्मियों	
(3) अन्य पिछड़े वर्ग	27%		
(4) सामान्य	50%		

के पुत्र-पुत्रियों को	5%
(3) विकलांग अभ्यर्थी	3%
(4) महिला	20%

शासनादेश सं. 1191/70-2-2010(58)79 दिनांक 11 जून, 2010

वरीयता सूची

(क) स्नातक स्तर पर प्रवेश परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर ही सूचकांक होगा।

(ख) हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातक उत्तीर्ण प्रवेशार्थियों को 10% अधिभार दिया जायेगा।

(ग) महाविद्यालय के नियमित एवं स्ववित्तपोषित (जिनका EPF कटता है) प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के पति/पत्नी, पुत्र/पुत्री का प्रवेश विश्वविद्यालय एवं हरिश्चन्द्र महाविद्यालय के प्रवेश सम्बन्धी नियमों के अनुसार किया जाएगा।

भारांक

स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अंक भारांक के रूप में जोड़ा जाएगा। केवल निम्न प्रमाण-पत्रों पर ही भारांक प्रदान किया जाएगा-

1. एन.सी.सी. सर्टिफिकेट धारकों हेतु, 2. एन.एस.एस. प्रमाण पत्र धारकों हेतु एवं 3. रोवर्स/रेंजर्स प्रमाण-पत्र धारकों हेतु।

प्रवेश नियम

1. विश्वविद्यालय के किसी भी परीक्षा में अनुचित साधन के आरोपों का जब तक विश्वविद्यालय से निराकरण नहीं हो जाता सम्बन्धित छात्र-छात्रा का स्थायी/अस्थायी प्रवेश नहीं होगा।
2. किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से गत परीक्षा में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
3. प्रवेश लेते समय प्रवेशार्थी को सभी वांछित प्रपत्र की मूल प्रतियाँ प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है। मूल प्रपत्र प्रस्तुत न करने पर संयोजक किसी भी दशा में प्रवेश नहीं देंगे।
4. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को सम्बन्धित जिले के तहसील के तहसीलदार से प्राप्त जाति प्रमाण-पत्र की मूल प्रति संयोजक के समक्ष प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। जाति प्रमाण-पत्र की छाया प्रति प्रवेशार्थी से स्वप्रमाणित कराकर जमा कर लिया जायेगा। जाति प्रमाण-पत्र आवेदन-पत्र में दर्शाये गये स्थायी निवास के जनपद का ही मान्य होगा। तीन वर्ष के पूर्व का प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा।
5. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित पैरा 4 (क) (2) में वर्णित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का परिचय पत्र, पेंशन प्रपत्र तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी द्वारा आश्रित होने का प्रमाण, हलफनामे द्वारा प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा तथा पेंशन पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि एवं हलफनामे की मूल प्रति प्रवेश आवेदन-पत्र के साथ संलग्न की जायेगी। ''उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के आरक्षण) संशोधन अधिनियम 2015'' में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित के रूप में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पुत्री के पुत्र एवं पुत्री को भी सम्मिलित किया गया है।
   उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित एवं भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1993 (यथा संशोधित) में प्रावधानित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित'' जैसा उक्त अधिनियम की धारा-2 के खण्ड (61) में परिभाषित है को निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी/अधिकारी अर्थात जिलाधिकारी द्वारा ही आश्रित प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाय।
6. सैनिक, भूतपूर्व तथा पैरा सैनिक बल के आश्रित (पैरा 4 क (3) में वर्णित अपने पिता के पेंशन-पत्र व परिचय-पत्र की एक-एक प्रमाणित प्रतिलिपि अपने आवेदन-पत्र के साथ अवश्य संलग्न करेंगे।
7. विकलांग अभ्यर्थी पैरा 4 (4) में वर्णित मेडिकल बोर्ड द्वारा प्राप्त प्रमाण-पत्र प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे तथा सत्यापित प्रतिलिपि प्रवेश आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करेंगे।

8. आरक्षित कोटे के अन्तर्गत प्रवेश हेतु अर्ह प्रवेशार्थियों को प्रथम दृष्टया अस्थायी प्रवेश दिया जायेगा। जाति प्रमाण-पत्र सम्यक् जांचोपरान्त ही उनका प्रवेश नियमित किया जायेगा।
9. किसी अभ्यर्थी को प्रवेश देते समय आचरण प्रमाण-पत्र की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है।
10. प्रवेश समिति के संयोजक के हस्ताक्षर युक्त प्रवेश आवेदन-पत्र को रजिस्टर पर अंकित कर कार्यालय को शुल्क जमा करने हेतु भेजा जायेगा। शुल्क निर्धारित तिथि तक जमा करना आवश्यक होगा।
11. अनुचित साधन का प्रयोग करते पकड़े गये छात्रों का प्रवेश नहीं लिया जायेगा।
12. महाविद्यालय प्रशासन बिना कोई कारण बताए किसी छात्र का प्रवेश अस्वीकृत कर सकता है।

शपथ-पत्र

जो छात्र संस्थागत न होने से अपनी शिक्षण-संस्था से चरित्र प्रमाण-पत्र नहीं प्रस्तुत कर सकते हैं तथा उनके अध्ययन काल में अन्तराल है, उन्हें अध्ययन अन्तराल एवं चरित्र प्रमाण-पत्र के लिए नोटरी या प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा प्रदत्त हलफनामा प्रवेश के समय प्रस्तुत करना होगा जिसमें निम्नलिखित तथ्यों का उल्लेख होना आवश्यक है-

1. यह कि मैंने सत्र (पिछले सत्र).....में किसी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर अध्ययन नहीं किया है। मैं किसी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा निष्कासित भी नहीं किया गया हूँ।
2. यह कि मैं सत्र.....में.....के कारण किसी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर न पढ़ सका।
3. यह कि मैं भारतीय दण्ड विधान की किसी भी आपराधिक धारा के अन्तर्गत न तो दण्डित हूँ और न ही इस प्रकार का कोई मुकदमा मेरे विरुद्ध अदालत में विचाराधीन है। (यदि ऐसा कोई मामला विचाराधीन हो तो स्पष्टीकरण दें)
4. यह कि मैं महाविद्यालय में अपने अध्ययन काल में निष्ठापूर्वक अध्ययन करूँगा तथा महाविद्यालय के सभी नियमों का पालन करते हुए अनुशासित रहूँगा।
5. यह कि मेरा चरित्र उत्तम है।

पाठ्यक्रम

विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एवं महाविद्यालय के ग्रन्थालय में उपलब्ध रहते हैं जिनमें पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तकों से सम्बन्धित समस्त विवरण विस्तारपूर्वक दिये गये हैं। अतः विस्तृत जानकारी के लिए छात्रों को पाठ्यक्रम का अवलोकन करना चाहिए। इसके लिए छात्र/छात्रायें सम्बन्धित विभाग से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

कला-संकाय

स्नातक अध्ययन : बी.ए. (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)

बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

अनिवार्य विषय :

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वर्तमान पाठ्यक्रम के अनुसार कला संकाय के प्रत्येक छात्र के लिए पर्यावरण एवम् राष्ट्रगौरव विषय अनिवार्य है, जिसकी परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात ही त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया जा सकता है।

वैकल्पिक विषय :

(1) हिन्दी, (2) संस्कृत, (3) अंग्रेजी, (4) मध्यकालीन एवम् आधुनिक इतिहास, (5) प्राचीन इतिहास, (6) राजनीति विज्ञान, (7) अर्थशास्त्र, (8) भूगोल, (9) मनोविज्ञान, (10) गणित, (11) सांख्यिकी, (12) शारीरिक शिक्षा।

स्ववित्तपोषित विषय :

(1) मॉस कम्यूनिकेशन एण्ड वीडियो प्रोडक्शन, (2) शिक्षाशास्त्र, (3) समाजशास्त्र।

उपर्युक्त वैकल्पिक विषयों में से प्रत्येक छात्र को बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश लेते समय तीन विषयों का चयन निमांकित ध्यातव्य प्रतिबन्धों को दृष्टि में रखकर करना होगा।

ध्यातव्य प्रतिबंध :

- छात्रों को बी.ए. प्रथम वर्ष की कक्षा में प्रवेश लेते एवं अपने विषय समूह का चयन करते समय निम्नलिखित तथ्यों की ओर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।
- सेवारत विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक विषय मनोविज्ञान, भूगोल तथा सांख्यिकी लेने की अनुमति नहीं है, क्योंकि इन विषयों के अध्यापन की व्यवस्था मध्याह्न में ही है।
- हिन्दी, संस्कृत और अंग्रेजी साहित्यिक विषयों में से केवल दो ही विषय एक साथ लिए जा सकते हैं।
- जिन छात्रों ने इण्टरमीडिएट या समकक्ष योग्यता प्रदायी पाठ्यक्रम में भूगोल को एक विषय के रूप में पढ़ा है या जिन्होंने इण्टरमीडिएट परीक्षा विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण की है, केवल वे ही छात्र बी.ए. में भूगोल विषय का चयन कर सकते हैं।
- गणित के साथ अर्थशास्त्र का चयन करने वाले छात्र ही सांख्यिकी ले सकते हैं।
- भूगोल, आधुनिक व मध्यकालीन इतिहास और प्राचीन इतिहास में से केवल एक ही विषय का चयन किया जा सकता है।
- भूगोल, मनोविज्ञान, मॉस कम्यूनिकेशन एण्ड वीडियो प्रोडक्शन, शिक्षाशास्त्र व सांख्यिकी में से केवल एक ही प्रयोगात्मक विषय का चयन सम्भव है।

अतिरिक्त वैकल्पिक विषय :

इस महाविद्यालय में अतिरिक्त वैकल्पिक विषय के रूप में सामान्य अंग्रेजी के अध्ययन की व्यवस्था है।

विषय पुँज : महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा निर्धारित निम्न विषय समूहों में से एक विषय का चयन करते हुए तीन विषयों को लिया जा सकता है :

1. प्राचीन इतिहास/आधुनिक-मध्यकालीन इतिहास/भूगोल/अर्थशास्त्र
2. मनोविज्ञान/समाजशास्त्र
3. राजनीति विज्ञान/हिन्दी/सांख्यिकी
4. संस्कृत/गणित
5. अंग्रेजी
6. शिक्षाशास्त्र

नोट- विश्वविद्यालय/महाविद्यालय प्रवेश नियमावली में संशोधन के आधार पर परिवर्तन सम्भव है।

स्नातकोत्तर अध्ययन : एम.ए. (सेमेस्टर पद्धति)

(1) हिन्दी, (2) अंग्रेजी, (3) राजनीति विज्ञान, (4) मनोविज्ञान, (5) सांख्यिकी (6) गणित (7) भूगोल।

इसमें से अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान एवं भूगोल विषय स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार उपरोक्त विषयों की परीक्षा सेमेस्टर द्वारा होती है। सभी विषयों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु वही छात्र सामान्यतः अर्ह हैं जिन्होंने बी.ए. त्रिवर्षीय परीक्षा उस विषय के साथ उत्तीर्ण की हो।

वाणिज्य-संकाय

स्नातक अध्ययन : बी.कॉम. (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)

बी.कॉम. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम है। बी.कॉम. भाग-1 में प्रवेश प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय के द्वारा निर्धारित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना आवश्यक है। बी.कॉम. की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार होगी।

अनिवार्य विषय :

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वर्तमान पाठ्यक्रम के अनुसार वाणिज्य संकाय के प्रत्येक छात्र के लिए पर्यावरण एवं राष्ट्रगौरव विषय अनिवार्य है जिसकी परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् ही त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया जा सकता है।

बी.बी.ए./बी.सी.ए. (छः सत्रीय त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)

महाविद्यालय के बावनबीघा परिसर में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम योजना के अन्तर्गत बी.बी.ए. एवं बी.सी.ए. पाठ्यक्रम संचालित होता है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रति छः माह के अन्तराल पर सत्रीय परीक्षा आयोजित की जाती है। प्रत्येक प्रश्न पत्र में 70 अंक की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा एवं 30 अंक की परीक्षा महाविद्यालय द्वारा ली जाती है।

बी.बी.ए./बी.सी.ए. (स्ववित्तपोषित) पाठ्यक्रम का प्रति सेमेस्टर अध्ययन शुल्क एवं धरोहर राशि का जानकारी बावनबीघा कैम्पस से प्राप्त की जा सकती है।

बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम. में प्रवेश हेतु आवेदक अपने आवेदन पत्र में इच्छानुसार द्वितीय वरीयता के रूप में बी.बी.ए. का विकल्प भर सकते हैं। मूल पाठ्यक्रम में प्रवेश न होने पर उन्हें बी.बी.ए. में प्रवेश हेतु विचारित किया जायेगा।

स्नातकोत्तर अध्ययन : एम.कॉम. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम)

एम.कॉम. के प्रवेशार्थियों के लिए बी.कॉम. परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। एम.कॉम. की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार सेमेस्टर द्वारा होगी।

विज्ञान-संकाय

स्नातक अध्ययन : बी.एस-सी. (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)

बी.एस-सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

अनिवार्य विषय :

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वर्तमान पाठ्यक्रम के अनुसार विज्ञान संकाय के प्रत्येक छात्र के लिए पर्यावरण एवं राष्ट्रगौरव विषय अनिवार्य है, जिसकी परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् ही त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया जा सकता है।

बी.एस-सी. : गणित समूह

विषय श्रेणी- (1) भौतिक विज्ञान, गणित एवं रसायन विज्ञान (PMC)

(2) भौतिक विज्ञान, गणित एवं सांख्यिकी (PMS)

नोट- रसायन विज्ञान व सांख्यिकी विषय के स्थान पर मॉस कम्यूनिकेशन एवं वीडियो प्रोडक्शन विषय लिया जा सकता है।

बी.एस-सी. : जीव विज्ञान समूह

विषय श्रेणी- वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान एवं रसायन विज्ञान (BZC)

नोट- रसायन विज्ञान के स्थान पर मॉस कम्यूनिकेशन एवं वीडियो प्रोडक्शन विषय लिया जा सकता है।

स्थान रहने पर प्राचार्य की विशेष अनुमति से भूतपूर्व छात्रों को केवल सैद्धान्तिक व्याख्यान की सुविधा प्रदान की जा सकती है, जिसके लिए उन्हें रु 250.00 प्रतिवर्ष शुल्क देना होगा। भूतपूर्व छात्रों को प्रत्येक प्रायोगिक परीक्षा हेतु रु. 50.00 कार्यालय में जमा करके उसकी रसीद सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को प्रस्तुत करना होगा, तभी वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

स्नातकोत्तर अध्ययन : एम.एस-सी. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम)

विषय- (1) गणित (2) सांख्यिकी (3) रसायन विज्ञान (4) वनस्पति विज्ञान (5) प्राणि विज्ञान (6) भौतिक विज्ञान।

इसमें से रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान विषय स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत है।

इन विषयों की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार सेमेस्टर द्वारा होती है।

उपरोक्त सभी विषयों के प्रथम वर्ष में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सीटों पर प्रवेश हेतु वही छात्र अर्ह होंगे जिन्होंने स्नातक त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम परीक्षा उस विषय के साथ उत्तीर्ण की हो।

शिक्षा-संकाय (बी.एड.)

बी.एड. कक्षा में प्रवेश रा.अ.शि.प. के नियमों एवं राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर होता है। किसी संस्थान के पूर्णकालिक अथवा अंशकालिक सेवारत अभ्यर्थी अपने अधिकारी की पूर्व अनुमति एवं सत्रान्त तक के अवकाश प्रमाण-पत्र के अभाव में बी.एड. में प्रवेश प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हैं। बी.एड. विषय के प्रश्न-पत्र इत्यादि की जानकारी के लिए सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/विभाग से सम्पर्क स्थापित करें।

विधि-संकाय

विधि संकाय स्नातक त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश निम्नलिखित नियमानुसार होगा :

1. विधि प्रथम वर्ष में योग्यताप्रदायी परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् प्रवेश महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के नियमानुसार प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर श्रेष्ठता सूची के अनुसार होगा। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम त्रिवर्षीय स्नातक उपाधि होनी चाहिये।

2. बार कौंसिल ऑफ इण्डिया के निर्देशानुसार सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को स्नातक स्तर पर 45 प्रतिशत अंक तक, पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को स्नातक स्तर पर 42 प्रतिशत अंक तक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों को 40 प्रतिशत अंक प्राप्त रहने पर ही प्रवेश देय होगा। विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश के समय तक बार कौंसिल ऑफ इण्डिया के दिशा-निर्देश मान्य होंगे।

3. विधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये उम्र की सीमा माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अधीन होगी।

3. इस संकाय में एल-एल.बी. के तीन वर्षों के पाठ्यक्रम के अध्ययन की व्यवस्था है। विधि त्रिवर्षीय उपाधि पाठ्यक्रमों की छः सेमेस्टर परीक्षाएँ होंगी। चूँकि एल-एल.बी. शिक्षा पूर्णकालिक पाठ्यक्रम है। अतः विश्वविद्यालय नियमानुसार किसी भी छात्र को किसी भी अवस्था में अन्य स्नातक या स्नातकोत्तर उपाधि अथवा डिप्लोमा के साथ विधि के अध्ययन की स्वीकृति नहीं दी जायेगी।

विस्तृत विवरण, पाठ्यक्रम एवं पाठ्य-पुस्तकों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत प्रकाशक द्वारा प्रकाशित प्रास्पेक्टस देखें जो पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। इसके लिए विभाग से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

तकनीकी शिक्षा संकाय

महाविद्यालय के बावनबीघा परिसर में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त एवं गौतम बुद्ध तकनीकी विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय लखनऊ से सम्बद्ध एम.बी.ए. एवं बी. फार्मा के पाठ्यक्रम संचालित होते हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उत्तर प्रदेश राज्य स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। इन दोनों ही पाठ्यक्रमों में क्रमशः नौ-नौ शीट प्रबन्धकीय कोटा के सीटों पर देय शुल्क समान है।

उक्त दोनों ही पाठ्यक्रमों में उत्तर प्रदेश शासन के नियमानुसार अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों के प्रवेश के समय अध्ययन शुल्क जमा किए बिना प्रवेश की व्यवस्था है। ऐसे छात्रों की अध्ययन शुल्क की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा की जाती है।

पिछड़े वर्ग एवं सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से निर्बल छात्रों को शासन से नियमानुसार छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है।

शोध-निर्देशन

महाविद्यालय में जिन विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएँ हैं, उनमें वर्ष 1990 से ही शोध-निर्देशन का कार्य प्रारम्भ हो गया है। शोध की सुविधा वाणिज्य संकाय के अतिरिक्त कला संकाय में हिन्दी, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, भूगोल एवं विज्ञान संकाय में सांख्यिकी, गणित, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, भौतिक विज्ञान तथा शिक्षा संकाय में प्राप्त है। इच्छुक छात्र/छात्राओं को सम्बन्धित विषय के विभागाध्यक्ष से सम्पर्क करना चाहिए। शोध कार्य में पंजीकरण कराने हेतु अभ्यर्थी को महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ द्वारा निर्धारित नियमों के अन्तर्गत महाविद्यालय में शोध पंजीकरण की सुविधा प्रदान की जायेगी।

पुस्तकालय

महाविद्यालय में प्रवेश पाने के उपरान्त छात्र महाविद्यालय के पुस्तकालय की सदस्यता भी प्राप्त कर लेता है। प्रवेश प्राप्ति (जुलाई की फीस) की रसीद दिखलाने पर पुस्तकालयाध्यक्ष उसे पुस्तकालय कार्ड देंगे, जिस पर विद्यार्थियों को पुस्तकें निर्गत की जायेंगी और उनके द्वारा पुस्तकालय से ली गई पुस्तकों की प्रविष्टयाँ भी होंगी। 15 दिन के भीतर पुस्तक न लौटाने पर छात्र को 50 पैसे प्रतिदिन की दर से पुस्तकालयीय अर्थदण्ड देना होगा।

प्रत्येक विद्यार्थी को, उपलब्धता के आधार पर स्नातक स्तर पर ₹400.00 मूल्य तक की एवं स्नातकोत्तर स्तर पर ₹500.00 मूल्य तक की अधिक से अधिक दो पुस्तकें प्रदान की जा सकती हैं। सन्दर्भ (रेफरेन्स) पुस्तकें किसी भी विद्यार्थी को निर्गत नहीं होंगी। ऐसी पुस्तकें छात्र/छात्राएँ पुस्तकालय में ही बैठकर पढ़ सकते हैं। पुस्तकों को क्षति पहुँचाने वाले को दण्डित किया जायेगा।

बुक-बैंक

निर्धन छात्रों के सहायतार्थ महाविद्यालय पुस्तकालय में बुक-बैंक की भी स्थापना की गयी है। बुक-बैंक से परीक्षा तक के लिए पाठ्य-पुस्तकें देने की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार व्यवस्था है। इसके लिये छात्रों को अलग से आवेदन करना होगा।

शुल्क-भुगतान

शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एक वर्ष का सम्पूर्ण शुल्क का भुगतान दो किस्तों में करना होगा।

(1) जुलाई से जून तक बारह महीने के लिए देय शिक्षण शुल्क का विवरण-

(अ) एम.कॉम/एम.ए./एम.एस-सी.	₹15.00 प्रतिमाह
(सांख्यिकी एवं गणित) एम.ए. (हिन्दी)	
(ब) बी.ए., बी.एस-सी., बी.कॉम.	₹11.00 प्रतिमाह
(स) बी.एड.	₹18.00 प्रतिमाह
(द) एल-एल.बी.	₹15.00 प्रतिमाह

नोट- राजकीय तथा विश्वविद्यालयीय निर्देश प्राप्त होने पर किसी भी समय शिक्षण-शुल्कों की दरों में परिवर्तन किया जा सकता है।

(2) सत्रारम्भ में नये प्रवेशार्थियों को निम्नलिखित शुल्क देय होंगे-

1. प्रवेश शुल्क	₹5.00 प्रतिवर्ष
2. पंजीकरण शुक्ल	₹2.00 प्रतिवर्ष
3. महँगाई शुल्क	₹4.50 प्रतिमाह
4. पंखा शुल्क	₹6.00 प्रतिवर्ष
5. जेनरेटर शुल्क	₹75.00 प्रतिवर्ष
